From: "NARAYANA MALLIA L" <ol.division@gov.in>

To: "Dy. (C)" <rowz.bpl-mef@nic.in>, "Vipin Gupta" <moef.ddn@gov.in>, ""वन संरक्षक एवं कार्या प्रमुख क्षे का मध्य अंचल"" <goimoefrolko@gmail.com>, "Regional ECZ Ranchi" <ro.ranchi-mef@gov.in>, ""भारतीय वन सर्वेक्षण देहरादून"" <dgfsi@fsi.nic.in>, "Director IGNFA" <director@ignfa.gov.in>, ""निदेशक वन शिक्षा देहरादून"" <thedfedun@yahoo.com>, "Rajinder Kumar" <nzpzoo-cza@nic.in>, "Naaz Rizvi" <n.rizvi@gov.in>, "H. V. GIRISHA" <addldir-wccb@gov.in>, "Banumathi G." <dig2-ntca@nic.in>, "V L Roui Kullai" <igf.naeb@gov.in>, ""भारतीय वानिकी अनुसंधान एवं शिक्षा परिषद देहरादून"" <dg@icfre.org>, ""भारतीय वन्य जीव संस्थान देहरादून"" <wii@wii.gov.in>, ""निदेशक गोविंद वल्लभ पंत हिमालय अल्मोड़ा"" <psdir@gbpihed.nic.in>, "Central Zoo Authority Central Zoo Authority" <cza@nic.in>, ""अध्यक्ष केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड"" <ccb.cpcb@nic.in>, "Registrar General" <rg.ngt@nic.in>, "DIRECTOR" <director@iifm.ac.in>, "RAJESH KUMAR" <rajesh.k64@gov.in>

कार्यालय उप महानिदेशक (विस्तार) डायरी सं. 886 दिनांक 10/9/2024 फाईल सं. .... आई.सी.एफ.आर.ई., देहरादून

Date: Monday, September 09, 2024 12:22PM

Subject: मांननीय़ मंत्री जी का हिंदी दिवस संदेश

भारतीय वानिकी अनुसंधान एवं शिक्षा परिषद महानिदेशक कार्यालय 09 SEP 2024 1739 डाकघर-न्यू फॉरेस्ट, देहरादून 248006

मीडिया एवं विस्तार/Media & Extension
संख्या/Number 1037
दिनांक/Dated 10/9/2024
भारतीय वानिकी अनुसंधान एवं शिक्षा परिषद
Indian Council of Forestry Research & Education

महोदय/महोदया,

आगामी हिंदी दिवस (14.09.2024) के लिए माननीय मंत्री, पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन का **हिंदी दिवस संदेश** आवश्यक कार्रवाई हेतु इसके साथ संलग्न है। आपसे अनुरोध है कि इस संदेश को अपने मुख्यालय के साथ-साथ अधीनस्थ कार्यालयों के अधिकारियों और कर्मचारियों के मध्य परिचालित करें।

सहा.निदेशक (राजभाषा)

सादर

जोशी 11/9/24

नारायण मल्या एल.
सहायक निदेशक (राजभाषा)

स० म० नि० (मी० व वि०)

Attachments: DDG (Extn.) 9/9

10/09/2024
उप महा० नि० (विस्तार)

मंत्री
पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन
भारत सरकार

सत्यमेव जयते

भूपेन्द्र यादव
BHUPENDER YADAV

MINISTER
ENVIRONMENT, FOREST AND CLIMATE CHANGE
GOVERNMENT OF INDIA

LiFE
Lifestyle for Environment

संदेश

पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय तथा इसके सभी क्षेत्रीय/अधीनस्थ कार्यालयों, स्वायत्त निकायों, बोर्डों और संस्थानों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को **"हिंदी दिवस-2024"** की हार्दिक शुभकामनाएं।

हिंदी हमारे देश की विविधता और एकता का प्रतीक है। यह हमारे विचारों और भावनाओं को व्यक्त करने का एक सशक्त माध्यम है। हिंदी भाषा में हमारी संस्कृति और हमारी पहचान का अस्तित्व निहित है। स्वतंत्रता संग्राम से लेकर आज तक हिंदी ने हमारी राष्ट्रीय एकता को मजबूत करने और हमारी सांस्कृतिक धरोहर को समृद्ध करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

सरकारी कार्यालयों में हिंदी का प्रयोग बढ़ रहा है किंतु अभी भी काफी काम अंग्रेजी में हो रहा है। भारतीय संविधान की मूल भावना के अनुरूप सामान्यतः हिंदी का अधिकाधिक प्रयोग करना ही संघ की राजभाषा नीति का उद्देश्य है। आपको विदित हो है कि 'पर्यावरण' शब्द हिंदी के परि और आवरण से मिलकर बना है अर्थात किसी भी जीव के चारों ओर का आवरण ही पर्यावरण है। यह मंत्रालय आम जनता के सरोकारों और परिवेश से जुड़ा है। यदि आप अपना अधिक से अधिक कार्य हिंदी में करते हैं, तो इस मंत्रालय के कामकाज को सरलता से आम जनता तक पहुंचा सकते हैं और उन्हें पर्यावरण मंत्रालय की गतिविधियों तथा पर्यावरण संरक्षण के संबंध में मंत्रालय द्वारा चलाए जा रहे कार्यक्रमों के बारे में अधिक से अधिक जागरूक कर सकते हैं।

यह अत्यंत हर्ष का विषय है कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी हमारे मंत्रालय में 01 से 30 सितंबर 2024 तक **"हिंदी माह"** का आयोजन किया जा रहा है। इस दौरान मंत्रालय में विभिन्न हिंदी प्रतियोगिताएं आयोजित की जा रही हैं। हम मंत्रालय के साथ-साथ इसके सभी क्षेत्रीय/अधीनस्थ कार्यालयों, स्वायत्त निकायों, बोर्डों एवं संस्थानों से अपील करते हैं कि वे अपने-अपने कार्यालयों में हिंदी दिवस/सप्ताह/पखवाड़ा/माह का आयोजन करके राजभाषा हिंदी के प्रति गौरव का अनुभव करें। इस दौरान आयोजित होने वाले कार्यक्रमों में सभी अधिकारी/कर्मचारी अधिकाधिक संख्या में भाग लें। आइए, हम सभी हिंदी भाषा में अधिक से अधिक कार्य करके राजभाषा की प्रगति में अपना योगदान दें।

(भूपेन्द्र यादव)

पर्यावरण भवन, जोर बाग रोड़, नई दिल्ली-110003, फोन : 011-20819190, 011-20819187, फैक्स : 011-20819299
Paryavaran Bhawan, Jor Bagh Road, New Delhi-110003, Tel.: 011-20819190, 011-20819187, Fax : 011-20819299
ईमेल / E-mail : mefcc@gov.in